प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.03.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. कल होगी लोकसभा चुनाव और कई राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा : नये चुनाव आयुक्तों ने संभाला पदभार।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर सहित चार जिलों में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया शुभारम्भ।
3. समाजवादी पार्टी ने तृणमूल कांग्रेस के लिये छोड़ी भदोही लोकसभा सीट : छह अन्य सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा।

और

4. एसटीएफ ने समीक्षा अधिकारी परीक्षा के पेपर लीक से जुड़े दो आरोपियों को किया गिरफ्तार : पुलिस कांस्टेबल परीक्षा लीक के तीन मुख्य आरोपी भी गाजियाबाद से पकड़े गये।

---

निर्वाचन आयोग कल लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करेगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कल दोपहर बाद चुनाव तिथियों का एलान किया जायेगा। इस दौरान लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम भी घोषित होंगे।

वर्तमान लोकसभा का कार्यकाल इस वर्ष 16 जून को समाप्त हो रहा है। वर्ष 2019 में लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और चुनाव अप्रैल और मई में सात चरणों में संपन्न हुए थे। पिछले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने देश की 543 संसदीय सीटों में से 303 सीटें जीतकर शानदार जीत दर्ज की थी। इस बार पार्टी का लक्ष्य 370 सीटें जीतने का है।

---

नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों– ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने आज कार्यभार संभाल लिया है। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों नए चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि ऐसे समय में इनका आयोग में शामिल होना महत्वपूर्ण है जब निर्वाचन आयोग, इसी वर्ष विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव संचालन के लिये तैयार है।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और गोरखपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने बलरामपुर में मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का शिलान्यास किया साथ ही 1 हजार 4 सौ 88 करोड़ से अधिक की 466 परियोजनाओं की शुरुआत की। विश्वविद्यालय के शिलान्यास

के साथ ही बलरामपुर के विकास में एक और अध्याय जुड़ गया है। 34 करोड़ रुपए से बने फुलवरिया ओवर ब्रिज और सिरसिया बिजलीपुर रिंग रोड के शिलान्यास से जनपद के लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। वहीं मुख्यमंत्री ने श्रावस्ती में 260 करोड़ से अधिक की 31 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले उपभोक्ता स्टेट था। दवाएं तथा अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब उत्तर प्रदेष फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार दो हजार एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री आज मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चैबीस करोड़ उनहत्तर लाख रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास के अवसर पर बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत चार हजार विद्यार्थियों को टैबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किया।

————————

समाजवादी पार्टी ने आज लोकसभा चुनाव के लिये छह प्रत्याशियों का ऐलान किया है। इसके साथ ही तृणमूल कांग्रेस के साथ समझौते पर मोहर लगाते हुए पार्टी ने भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस को दे दी है। पार्टी कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना सीट से मनोज कुमार, मेरठ से भानू प्रताप सिंह, अलीगढ़ से बिजेन्द्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मीकि और लालगंज से दरोगा सरोज पार्टी के प्रत्याशी होंगे।

---

महिलाओं को कार्यक्षेत्र में प्रतिभा दिखाने और बराबरी देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती अब यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के अलावा संवेदनशील स्थानों पर गश्त करने में भी लगाई जा रही है। वाराणसी में आज से रोजाना सुबह ग्यारह बजे से दोपहर 2 बजे तक महिला पुलिसकर्मियों द्वारा यातायात व्यवस्था का संचालन किया जायेगा।

*महिलाओं को कार्य में आगे बढ़ाने और उनको उनकी प्रतिभा के अनुसार कार्यक्षेत्र में प्रतिभा दिखाने के उद्देश्य से वाराणसी में पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के निर्देश पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती अब यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से करने के अलावा संवेदनशील स्थानों पर गस्त करने में भी लगाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुसार महिलाओं को हर क्षेत्र में बराबरी का हकप्रदान करने वाली सोच को उनके*

*संसदीय क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा रहा है। पुलिस आयुक्त की इस पहल से काफी सकारात्मक परिणाम भी मिले हैं। आम जनमानस भी महिला कर्मियों के सकारात्मक व्यवहार से यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान कर रहा है। वहीं पर गस्त में महिला पुलिस कर्मियों कीभूमिका होने से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाएं भी अपने को सुरक्षित महसूस कर रहीहैं। आकाशवाणी समाचार के लिएवाराण सी से मनीष सिंह।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।**

**प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।**

———————

**पेपर लीक करने वाले गिरोह पर उत्तर प्रदेश पुलिस की कड़ी कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस के विशेष जांच दल ने समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। दोनों ही आरोपी प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं, जिन्हें आज लखनऊ में एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। इसके साथ ही पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक कराने वाले गैंग के**

तीन मुख्य अभियुक्तों भी कल गाजियाबाद में गिरफ्तार करने में एसटीएफ ने सफलता हासिल की। इस संबंध में विभिन्न तिथियों में कई जिलों में 12 एफआईआर दर्ज की गई हैं और अब तक कुल 54 अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।

—————————

आज विश्व निद्रा दिवस है। दुनिया भर में अनिद्रा के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिये यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है– 'वैश्विक स्वास्थ्य के लिये नींद की समानता'। किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पल्मोनरी और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ0 वेद प्रकाश ने आकाशवाणी समाचार से खास बातचीत में कहा कि इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत ह। बाइट.......

*अगर नाहट की बात करे तो जो स्लीपिंग पार्टनर है उसको पता चलेगा कि जोर–जोर से खर्राटे ले रहे है या फिर चौकिंग हो जाती है कुछ देर के लिये सांस रूक जाती है फिर झटके से नींद खुलती है फिर सांसद लेना शुरू करता है जो भी रोगी है और उसके बाद फ्री सेगमेंटेड हो जाती है टूट जाती है ये क्रम जो पूरी रात की नींद है उस बीच में चलता रहता है 10 सेकेंड से ज्यादा अगर सांस रूक जाती है खर्राटे लेते वक्त को ऐपनिया कहते है और अगर एक घंटे में पांच ऐपनिया आ रहे है तो यह सामान्य है 5 से 15 आ रहे है तो ये माइल्ड कैटेगरी है 15 से 30 से ज्यादा अगर आ रहे हैं तो ये ऐपनिया की संख्या तो ये सीरियस कैटेगरी में आता है। 500 से ज्यादा बार नींद टूट रही है ये ऐपनिया आ रहे है लोगों में इतने–इतने सीरियस कैसेस हम लोग देख रहे हैं यहां।*

—————————

आईआरसीटीसी अयाध्या आने वाले श्रद्धालुओं को कम्बोडिया के प्रसिद्ध अंकोरवाट की यात्रा करने का मौका दे रहा है। आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजित सिन्हा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि अयोध्याधाम आने वाले यात्रियों के लिये भी अनेक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। बाइट..........

*अयोध्या की विजिट को लेकर के लोग इतने उत्साहित है पूरे देश से काफी बड़ी संख्या में लोग अपने–अपने माध्यम से लोग अभी यात्राएं कर रहे है लेकिन आईआरसीटीसी के जो पैकेजेज होते है उनकी भी डिमांड काफी बड़ी है और जितने भी एयर पैकेज है और ट्रेन के जो पैकेजेज पलांड है उन सब को लेकर के काफी इनकरेजमेंट देखने को मिल रहा है। टूरिज्म सेक्टर में और आईआरसीटीसी ने भारत गौरव ट्रेन के माध्यम से आगामी दिनों में कई यात्राएं अयोध्या के लिये प्लान की है जो देश के विभिन्न हिस्सों से चलेंगी।*

—————————

उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद इस वर्ष भी मथुरा की विश्व प्रसिद्ध होली के अवसर पर व्यापक पैमाने पर रंगोत्सव–2024 का आयोजन करेगा। इस आयोजन में विभिन्न विभागों का भी सहयोग लिया जा रहा है। इस रंगोत्सव को देखने के लिए पूरी दुनिया से श्रद्धालु एवं पर्यटक मथुरा आते हैं। राज्य सरकार ने आस्था के साथ परम्पराओं को भी सम्मान देते हुए इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए हैं। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष 17 मार्च को लड्डू

होली, 18 मार्च को बरसाना में लट्ठमार होली तथा 19 मार्च को नन्दगांव में लट्ठमार होली का आयोजन किया जाना है। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि 17 मार्च से उत्सव शुरू होकर 01 अप्रैल को श्री रंगजी मंदिर वृन्दावन में होली खेलने के साथ समापन होगा।

---------

मिर्ज़ापुर में आज एक अनियंत्रित ट्रक औरकार की टक्कर में 3 लोगों की मौत हो गई और 6 लोग घायल होगये। इस हादसे में एक मोटर साइकिल सवार भी घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुँच कर सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थकेन्द्र में भर्ती कराया जहां से 4 लोगों को गंभीरहालत में जिला अस्पताल मिर्ज़ापुर रेफर करदिया गया।

---------

केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने हापुड़ में सांसद निधि के कराये जा रहे विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री सिंह ने ग्रामीणों और आम जनता से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

(समाप्त)